क्रं. 201 / प्रा.अ.. / का.वि. / 2016 दिनांकः 15 / 03 / 2017

प्रति,

समस्त प्रान्तीय पदाधिकारीगण

समस्त प्रान्तीय खेल संयोजक

समस्त प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य

समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष

विषयः— 27 वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता 2017, जबलपुर संबंधी पूर्ण कार्यवाही विवरण।

आदरणीय साथियों,

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग एवं मुख्य ट्रस्टी स्पोर्टस क्लब के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 27वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता दिनांक 18 / 12 / 16 से 12 / 12 / 16 तक जबलपुर में क्षेत्रीय क्लब जबलपुर के तत्वाधान में तथा आयोजक कार्यपालन यंत्री, रानी अवंती बाई सागर परियोजना संभाग जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन में **कृषि विश्वविद्यालय परिसर एवं रानी ताल खेल परिसर** पर सम्पन्न हुई। सफलतापूर्वक सम्पन्न खेलप्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत कार्यवाही विवरण आपके अवलोकनार्थ संलग्न है।

**पत्रकारवार्ता (दिनांक 16 / दिसम्बर / 2017 जबलपुर)।**

प्रतियोगिता को विधिवत प्रारम्भ करने के उद्देश्य से तथा विस्तृत जानकारी हेतु पत्रकारवार्ता दिनांक 16 / 12 / 2016 को इंडियन काफी हाउस जबलपुर के सभागार में स्पोर्टस क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा, प्रांतीय अंकेक्षक श्री संतोष जोशी, संरक्षक श्री अरविन्द सिंह कुशवाहा, प्रदेश संयोजक, श्री दिनेश श्रीवास्तव, प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी, प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी श्री पी.के जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जबलपुर श्री चन्द्रकांत जाउलकर, क्षेत्रीय सचिव श्री संदीप जैन आयोजक कार्यपालन यंत्री के. के. तलैया की उपस्थिति में प्रारम्भ हुई। जबलपुर शहर के इलेक्ट्रानिक तथा प्रिन्ट मीडिया के सम्मानीय पत्रकार बन्धुओं को प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता संबंधी जानकारी दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर श्री श्री चन्द्रकांत जाउलकर ने जानकारी देते हुए पत्रकारों को प्रतियोगिता के उदघाटन एवं समापन समारोह के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा टीमों की आवासीय तथा मैदानी व्यवस्था से भी अवगत कराया। समस्त उपस्थित पत्रकार बन्धुओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनसे प्रतियोगिता के कवरेज करने का अनुरोध किया।

**आमसभा (दिनांक 17 / 12 / 16 रात्रि 8 कृषक भवन कृषि विश्वविद्यालय परिसर जबलपुर**

परम्परागत रूप से आमसभा की बैठक दिनांक 17 / 12 / 16 को निश्चित समय पर प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री प्रवीण शर्मा,

प्रान्तीय अंकेक्षक श्री संतोष जोशी, संरक्षक, श्री अरविन्द सिंह कुशवाहा, प्रदेश संयोजक श्री दिनेश श्रीवास्तव, एवं अन्य प्रन्तीय एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारियों/सदस्यों की उपस्थिति में प्रारम्भ हुई । प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी ने बैठक प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर श्री चन्द्रकांत जाउलकर को प्रतियोगिता की तैयारियां तथा समस्त जानकारी देने हेतु आमंत्रित किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर श्री चन्द्रकांत जाउलकर ने बताया कि समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, बस प्रतीक्षा है, तो 18/12/2016 के प्रभात की, जब हम प्रतियोगिता का शानदार उद्घाटन करेंगे, उन्होंने समस्त क्षेत्रीय अध्यक्षों से भरपूर सहयोग का आव्हान किया। प्रान्तीय अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा मार्गदर्शन दिया कि जबलपुर क्षेत्र द्वारा की गई समस्त तैयारियां देखी गई है । परन्तु उनमें आवश्यक कमियों को दूर करने उनके व्यवस्थायें सही ढ़ंग से खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये । प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मार्च पास्ट में प्रान्तीय क्लब के पदाधिकारियों/सदस्यों द्वारा भी मार्च पास्ट किया जावेगा जिसके लिये वे आवश्यक रूप से तैयार रहकर उपस्थित रहें । उपस्थित क्षेत्रीय अध्यक्षों द्वारा समस्त व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। श्री संतोष जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष, ग्वालियर की अनुपस्थिति में श्री अवधेश भटनागर प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी ग्वालियर क्षेत्र, श्री बशारत खान क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद, की अनुपस्थिति में अधिकृत श्री शहिद हुसैन, श्री आशिक अली क्षेत्रीय अध्यक्ष इन्दौर, श्री डी.पी. मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष रीवा एवं श्री मनीष मंडलिक क्षेत्रीय अध्यक्ष, भोपाल द्वारा आवासीय व्यवस्था के संबंध में प्रसन्सा करते हुये कुछ आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किये । अधिकृत क्षेत्रीय अध्यक्ष होशंगाबाद द्वारा उनके क्षेत्र के खिलाड़ियों हेतु स्थान कम उपलब्ध होने संबंधी अवगत कराया । सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों के सुझाव उपरान्त प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने दिये गये सुझावों पर अमल हेतु क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर को निर्देशित किया । होशंगाबाद क्षेत्र को आवश्यक स्थान बैठक उपरान्त उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया । बैठक उपरानत होशंगबाद क्षेत्र की पर्याप्त व्यवस्था की गयी । इस अवसर पर प्रान्तीय समस्त पदाधिकारियों के साथ समस्त प्रान्तीय खेल संयोजक आदि उपस्थित थे। क्षेत्रीय क्लब जबलपुर द्वारा समस्त प्रान्तीय खेल संयोजकों को खेलों के फिक्सचर उपलब्ध कराऐं गये।

**उद्घाटन समारोह दिनांक 18/12/2016 कृषि विश्वविद्यालय परिसर जबलपुर ।**

27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह परम्परागत तथा मुख्य रूप से दिनांक 18 दिसम्बर 2016 को पूर्वान्ह 11 बजे जबलपुर के **कृषि विश्वविद्यालय परिसर जबलपुर** में प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री जे. एन. शिवहरे सदस्य अभियांत्रिकी, नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण भोपाल, विशिष्ट अतिथि श्री आर. पी. मालवीय, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर परियोजना जबलपुर, श्री ए. के. मुद्गल, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर लोवर नर्मदा जबलपुर आदि गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे।

समारोह की अध्यक्षता स्पोर्टस क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने की। मंच पर आसीन अन्य अतिथियों में क्लब के संरक्षक श्री अरविन्द सिंह कुशवाहा, प्रदेश संयोजक श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा, प्रान्तीय अंकेक्षक श्री संतोष जोशी एवं महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी, प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जबलपुर क्षेत्र श्री पी. के. जैन, प्रतियोगिता आयोजक, श्री के. के. तलैया कार्यपालन यंत्री, उप आयोजक, श्री एस. के. रैदास, अनुविभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत जाउलकर एवं सचिव श्री संदीप जैन आदि उपस्थित थे।

मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये मंच पर आसीन समस्त स्मरणीय अतिथियों का क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत जाउलकर एवं सचिव श्री संदीप जैन द्वारा बेच लगाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया गया। मुख्य अतिथि जे. एन. शिवहरे सदस्य अभियांत्रिकी, महोदय द्वारा स्पोर्टस क्लब का विधिवत रूप से क्लब के झंडे का ध्वजारोहण किया। समस्त क्षेत्रों से पधारे खिलाड़ी क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पंक्तिबद्ध खड़े होकर समारोह का आकर्षक लग रहें थे। मार्च का मुख्य आकर्षण प्रान्तीय दल द्वारा प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रान्तीय झंडे के साथ मार्च पास्ट में भाग लेना था । जबलपुर स्कूल के बेण्ड दल के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया । मुख्य अतिथि द्वारा सलामी ली गई। मुख्य अतिथि श्री जे. एन. शिवहरे सदस्य अभियांत्रिकी, तथा विशिष्ट अतिथि श्री आर. पी. मालवीय, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर परियोजना जबलपुर, श्री ए. के. मुद्गल, मुख्य अभियन्ता, द्वारा शांति के प्रतीक कबूतर तथा रंग बिरंगे गुब्बारे, छोटे गये, जिससे पूरा प्रशाल खिलाड़ियों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, इसमें जबलपुर क्षेत्र द्वारा की गई आतिशबाजी भी सम्मिलित की । जबलपुर क्षेत्र के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री शरफ औलाद ने सभी 6 क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल की शपथ दिलाई गई । जबलपुर स्कूल के छात्र–छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना, सामूहिक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुती कर दर्शकों की खूब तालियां और वाहवाही लूटी। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत जाउलकर द्वारा मंच पर असीन समस्त अतिथियों की स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इसके पश्चात मंचासीन सम्माननीय अतिथियों का प्रान्तीय/क्षेत्रीय/जिला/परियोजना तथा मेजबान क्लब जबलपुर के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत जाउलकर द्वारा मंच पर आसीन समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

उद्घाटन की कड़ी में सर्वप्रथम आयोजक कार्यपालन यंत्री श्री के. के. तलैया ने समस्त क्षेत्रों से पधारे हुए खिलाड़ियों का स्वागत किया, और कहा कि हमने आपके लिये अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने के प्रयास किये हैं, फिर भी यदि कोई समस्या हो तो हमसे बताये हम तत्काल दूर करेंगे।

प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी द्वारा स्पोर्टस क्लब की समस्त गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा भविष्य में और अधिक अनुशासन से क्लब की गतिविधियों को संचालित करने पर बल दिया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहें क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने सम्बोधन देते हुए खिलाड़ियों की खूब तालियां बटोरी। श्री श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों का आव्हान करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि क्लब में आपसी समर्पण भावना कितनी अधिक है साथ ही उन्होंने कम आयु के खिलाड़ियों को क्लब में समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया ।

विशिष्ट अतिथि श्री आर. पी. मालवीय एवं ए. के. मुद्गल ने कहा कि मैं स्पोर्टस क्लब का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे प्रतियोगिता में आमंत्रित किया। समस्त क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों को संबांधित करते हुए कहा कि यदि आपको कोई परेशानी हो तो शीघ्र मुझसे सम्पर्क करें मैं दूर करने का प्रयास करूंगा।

अन्त में समारोह के मुख्य अतिथि श्री जे. एन. शिवहरे सदस्य अभियांत्रिकी, जी ने संबोंधित करते हुए कहा कि आज मुझे अपने छात्र जीवन के दिन याद आ गये, आज लोग अपने अपने क्षेत्र की वेशभूषा में दिखाई दे रहें हैं, मैं भी आज अपने आपको आपके साथ ही बैठा रहा हूँ। मेरी पूरी शुभकामनाऐं है कि जल संसाधन विभाग की यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में परिवर्तित हो।

आभार प्रदर्शन श्री संदीप अवस्थी ग्वालियर क्षेत्र द्वारा किया गया। एवं कुशल मंच संचालन श्री विनय जैन द्वारा किया गया ।

केम्प फायर का आयोजन दिनांक 21.12.2016 को जबलपुर मे **कृषि विश्वविद्यालय परिसर जबलपुर** उद्घाटन स्थल पर आयोजित किया गया । जिसे जबलपुर जिले के उदयीमान आकेस्ट्रा कलाकार अपने साज के साथ उपस्थित थे । संगीत की महफिल में भोपाल क्षेत्र के श्री व्ही के. देवड़ा अधीक्षण यंत्री एवं सीहोर जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री डी. के. मालवीय द्वारा पुराने गीतों का जो समा बांधा की सभी उपस्थित अधिकारी खिलाड़ी झूम उठे । उनकी आवाज का जादू सभी के दिलों पर छा गया । कार्यक्रम का मंच संचालन श्री मुईनउद्दीन कुरेशी प्रांतीय महासचिव द्वारा किया गया । साथ ही क्षेत्रीय क्लब जबलपुर द्वारा इस अवसर पर प्रीति भोज का आयोजन किया गया जिसके व्यवस्थाओं की सभी के द्वारा सराहना की गयी ।

समापन समारोह एवं पारितोषिक वितरण दिनांक 23.12.2016 को **कृषि विश्वविद्यालय परिसर जबलपुर**

27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में विगत 6 दिनों से कठिन परिश्रम कर विजयी/उपविजयी खिलाड़ियों को पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह **कृषि विश्वविद्यालय परिसर जबलपुर** में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्री एम. जी. चौबे, प्रमुख अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, भोपाल, विशिष्ट अतिथि श्री आर. पी. मालवीय, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर परियोजना जबलपुर, श्री ए. के. मुद्गल, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर लोवर नर्मदा जबलपुर थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पोर्टस क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम मंच पर आसीन अन्य अतिथियों में क्लब के संरक्षक श्री अरविन्द सिंह कुशवाहा, प्रदेश संयोजक श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा, प्रान्तीय अंकेक्षक श्री संतोष जोशी एवं महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी, प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जबलपुर क्षेत्र श्री पी. के. जैन, प्रतियोगिता आयोजक, श्री के. के. तलैया कार्यपालन यंत्री, उप आयोजक, श्री एस. के. रैदास, अनुविभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत जाउलकर एवं सचिव श्री संदीप जैन आदि उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम का संचालन श्री विनय जैन एवं संदीप अवस्थी द्वारा किया गया ।

श्री चन्द्रकांत जाउलकर क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर एवं श्री संदीप जैन क्षेत्रीय सचिव द्वारा मंचासीन समस्त अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत किया। क्रम के अनुसार अतिथियों का प्रान्तीय /क्षेत्रीय/जिला/परियोजना क्लबों के पदाधिकारियों ने पुष्प हार से स्वागत किया। आयोजक कार्यपालन यंत्री ने समस्त अतिथियों/खिलाड़ियों का 6 दिनों तक चली प्रतियोगिता में संपूर्ण खेल भावना से भाग लेने पर धन्यवाद ज्ञापित किया श्री चन्द्रकांत जाउलकर क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हम लोग बहुत ही तनाव में थे परंतु नियत सही होती है तो सभी काम हो जाते हैं। उन्होनें कहा कि कम समयावधि में भी जबलपुर क्षेत्र के समस्त पदाधिकारियो एवं खिलाड़ी सदस्यों विशेषकर जबलपुर के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिये जो मेरा सहायोग दिया उनका धन्यवाद एवं विभागीय अधिकारियों का भी धन्यवाद जो उनके द्वारा सहयोग दिया गया । उन्होंने समस्त क्षेत्रों से पधारे हुए खिलाड़ियों/पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुए आप लोगों ने खेल भावना एवं आचरण का परिचय दिया वे उल्लेखनीय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री अखिलेश श्रीवास्तव प्रान्तीय अध्यक्ष ने खिलाड़ियों और विशेष रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष की सराहना की जिन्होंने प्रतिदिन अपने खिलाड़ियों को अनुशासन में रखा। क्षेत्रीय क्लब जबलपुर द्वारा भी समय पर प्रतियोगिताऐं आयोजित कराने पर उन्हें बधाई दी। उनके द्वारा विशेष रूप से विभाग के अधिकारियों का स्पोर्टस क्लब को समय-समय पर दिये गये सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि की आसंदी से उद्बोधन देते हुए श्री आर. पी. मालवीय, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर परियोजना जबलपुर, श्री ए. के. मुद्गल, मुख्य अभियन्ता, रानी अवंती बाई सागर लोवर नर्मदा जबलपुर महोदय द्वारा अपने संक्षिप्त सारगर्भित उद्बोधन में प्रतियोगिता को सफल आयोजन हेतु क्लब के पदाधिकारियों की सराहना की। अन्त में समारोह के मुख्य अतिथि श्री एम. जी. चौबे प्रमुख अभियन्ता, ने अपने उद्बोधन में उन्होंने अपने बचपन के दिनो को याद करते हुये खेलों के कई किस्से सुनाये । मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि जल संसाधन विभाग की ये दूसरी प्रतियोगिता है जिसमें मैं समापन समारोह का मुख्य अतिथि हूँ । जिन खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम किया वह निश्चित रूप से विजय हुए परन्तु जो नहीं जीत सके उनका योगदान इसलिए आवश्यक है कि उन्होंने खेलों में भागीदारी करके दूसरों को जीतने का अवसर दिया इस कारण किसी भी इवेन्ट में भाग लेना बहुत जरूरी है। आयोजक विभागीय अधिकारी तथा क्लब के पदाधिकारी वास्तव

में बधाई के पात्र है जो इतना सफल आयोजन हो पाया। यहां आकर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ अब मैं भी प्रयास करूंगा कि भविष्य में खेलों से जुड़ा रहूँ। प्रमुख अभियन्ता द्वारा आज पुनः प्रान्तीय यूनिफार्म की पुनः सराहना की । क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर मंच पर उपस्थित अतिथियों को क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त क्षेत्रीय अध्यक्षों एवं प्रान्तीय पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। श्री अम्बरीश श्रीवास्तव, ग्वालियर, श्री बशारत खान, होशंगाबाद, श्री डी.पी.मिश्रा, रीवा, श्री आशिक अली, इन्दौर, तथा श्री मनीष मांडलिक भोपाल। इस अवसर पर उपस्थित प्रान्तीय उपाध्यक्षों एवं प्रभारियों भोपाल श्री गिरीश दाढ़कर, रीवा श्री असद खान, इन्दौर, आर. जी. घघोरिया, जबलपुर, श्री पी. के. जैन, होशंगाबाद श्री महेन्द्र ओगले, इसके अतिरिक्त प्रान्तीय पदाधिकारी एवं सदस्य श्री आर. एल. सूर्यवंशी, राजकुमार श्रीवासतव, जी. के. अग्रवाल, हर्ष मिठास, संजय पदवाड़, श्री निवास मिश्रा, जे. आर. लितकर, उमेश पारखी, शेख उमर बख्श, एस. के. नामदेव, आजाद सिंह पवार, प्रमोद चाफेकर, को भी अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्पोर्टस क्लब के समस्त प्रान्तीय खेल संयोजकों एवं प्रतियोगिता के समस्त खेलों के आफिशियल्स को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर आसीन अतिथियों द्वारा क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष के सहयोग से प्रतियोगिता के विजेता/उपविजेता, खिलाड़ियों को क्षेत्रीय टीमों के क्रमानुसार पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी इनाम दिये गये।

## खेल परिणाम

**1. क्रिकेट**

| | |
|---|---|
| उपविजेता | : इन्दौर क्षेत्र |
| विजेता | : भोपाल क्षेत्र |
| श्रेष्ठ गेंदबाज | : श्री दीपक लाहोरे इन्दौर |
| श्रेष्ठ बल्लेबाज | : श्री अशोक मारकोस भोपाल क्षेत्र |
| श्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक | : श्री जीवन मसीह जबलपुर |
| श्रेष्ठ विकेट कीपर | : श्री जे. सुब्रमण्यम, भोपाल |
| मेन ऑफ द मेच फाइनल | : श्री अशोक मारकोस भोपाल क्षेत्र |
| मेन ऑफ दी सीरीज (स्व. हरीश परिहार संस्थापक सदस्य स्मृति में ) | : श्री विपिन पाटीदार इन्दौर |

**2. फुटबालः—**

| | |
|---|---|
| उपविजेता | : जबलपुर क्षेत्र |
| विजेता | : रीवा क्षेत्र |
| सर्वश्रेष्ठ बैक | : श्री ए. के. पाराशर रींवा |
| सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर | : श्री संदीप जैन जबलपुर |
| सर्वश्रेष्ठ आलराउण्ड | : श्री मोहनलाल शुक्ला रीवा |
| सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड | : श्री शक्ति ठाकरे जबलपुर |

**3. व्हालीवाल**

| | |
|---|---|
| उपविजेता | : जबलपुर क्षेत्र |
| विजेता | : रीवा क्षेत्र |
| सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी | : श्री बशारत खान होशंगाबाद |
| सर्वश्रेष्ठ शूटर | : श्री डी. पी. मुड़िया जबलपुर |

| | | |
|---|---|---|
| | सर्वश्रेष्ठ सर्विसर | : श्री निवास मिश्रा रीवा |
| | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फायनल | : श्री प्रहलाद विश्वकर्मा रीवा |
| 4. | **शूटिंगबाल** | |
| | उपविजेता | : भोपाल क्षेत्र |
| | विजेता | : इन्दौर क्षेत्र |
| | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी | : श्री जुहूर खान इन्दौर |
| | सर्वश्रेष्ठ शूटर | : श्री राजेश कुमार इन्दौर |
| | सर्वश्रेष्ठ सर्विसर | : श्री राधेश्याम चौहान भोपाल |
| | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फायनल | : श्री जुहूर खान इन्दौर |
| 5. | **कबड्डी** | |
| | उपविजेता | : होशंगाबाद क्षेत्र |
| | विजेता | : इन्दौर क्षेत्र |
| | सर्वश्रेष्ठ रेडर | : श्री कैलाश सिंह होशंगाबाद |
| | सर्वश्रेष्ठ केचर | : श्री श्याम सिंह इन्दौर |
| | सर्वश्रेष्ठ आलराउन्डर | : श्री सखाराम डाबर इन्दौर |
| | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फायनल | : श्री लाल सिंह इन्दौर |
| 6 | **शतरंज** | |
| | उपविजेता | : रींवा क्षेत्र |
| | विजेता | : जबलपुर क्षेत्र |
| | एकल उपविजेता | : श्री ब्रजेश कुमार उपाध्याय जबलपुर |
| | एकल विजेता | : श्री राकेश कुमार चौरसिया रींवा |
| 7. | **कैरम** | |
| | उपविजेता | : होशंगाबाद क्षेत्र |
| | विजेता | : भोपाल क्षेत्र |
| | व्यक्तिगत प्रतियोगिता कैरम | : |
| | एकल उपविजेता | : श्री आशिक हुसैन भोपाल |
| | विजेता | : श्री महेश कश्यप भोपाल |
| | युगल उपविजेता | : श्री प्रमोद कुमार दाहिया जबलपुर |
| | युगल उपविजेता | : श्री जगदीश रायकवार जबलपुर |
| | युगल विजेता | : मो. सूरज सिंह पंडोल होशंगाबद |
| | युगल विजेता | : श्री राजकुमार होशंगाबाद |
| 8. | **टेबल टेनिस** | |
| | उपविजेता | : भोपाल क्षेत्र |
| | विजेता | : रीवा क्षेत्र |
| | व्यक्तिगत प्रतियोगिता टेबलटेनिस | : |
| | एकल उपविजेता | : श्री असद खान रींवा |
| | विजेता | : श्री ओ. पी. शर्मा इन्दौर |
| | युगल उपविजेता | : श्री असद खान रीवा |
| | | : श्री जेम्स कोसी रींवा |
| | युगल विजेता | : श्री रफी उद्दीन सिद्धीकी भोपाल |
| | | : श्री ओ. पी. शर्मा इन्दौर |
| 9. | **बेडमिन्टन** | |
| | उपविजेता | : इन्दौर क्षेत्र |
| | विजेता | : भोपाल क्षेत्र |
| | व्यक्तिगत प्रतियोगिता बेडमिन्टन | : |
| | एकल उपविजेता | : श्री बी. एल. मिश्रा रींवा |
| | विजेता | : श्री बी.एस. जादोन इन्दौर |
| | युगल उपविजेता | : श्री मनोज मिश्रा भोपाल |
| | | : श्री विवके टिक्कस भोपाल |
| | विजेता | : श्री के. के. बाधवानी जबलपुर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | **लानटेनिस** | : | श्री बी. एल. मिश्रा रींवा |
| | उपविजेता | | |
| | विजेता | : | भोपाल क्षेत्र |
| | व्यक्तिगत प्रतियोगिता लानटेनिस | : | इन्दौर क्षेत्र |
| | एकल उपविजेता | : | |
| | विजेता | : | श्री कल्याण शिन्दे, भोपाल |
| | युगल उपविजेता | : | श्री बी. एम. यादव इन्दौर |
| | | : | श्री जे.के. सावला इन्दौर |
| | विजेता | : | श्री के. पी. बागरी इन्दौर |
| | | : | श्री ए. पी. सिंह, भोपाल |
| 11. | **ऐथलेटिक्स** | : | श्री कल्याण शिन्दे, भोपाल |
| | 100 मीटर रेस द्वितीय | | |
| | 100 मीटर रेस प्रथम | : | श्री अमित मोगरे रींवा |
| | 200 मीटर रेस द्वितीय | : | श्री तरूण तिवारी जबलपुर |
| | 200 मीटर रेस प्रथम | : | श्री अमित मोगरे रींवा |
| | | : | श्री तरूण तिवारी जबलपुर |

**27 वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में खेल का क्रम निम्नानुसार रहा।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | – | 9 अंक | – | भोपाल |
| द्वितीय | – | 8 अंक | – | इन्दौर |
| तृतीय | – | 7 अंक | – | रींवा |

**चेम्पियन आफ दी चेम्पियन ट्राफी– माननीय स्व. निसार अहमद संस्थापक एवं संरक्षक स्पोर्टस क्लब के नाम से भोपाल क्षेत्र को माननीय मुख्य अतिथि द्वारा भेंट की गई।**

**क्लब में अनुशासन को सर्वोपरि माना जाता है। इस वर्ष सबसे अनुशासित क्षेत्र भोपाल को घोषित किया गया। अनुशासन ट्राफी स्व. श्री एन.डी. यादव पूर्व उपाध्यक्ष स्पोर्टस क्लब की स्मृति में माननीय मुख्य अतिथि ने भोपाल क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रदान की।**

प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी एवं एस. के. नामदेव प्रान्तीय कोषाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में खिलाड़ियों ने आकर्षक स्लो मार्च पास्ट कर माननीय मुख्य अतिथि को प्रान्तीय क्लब का ध्वज एवं सभी क्षेत्र के ध्वज सौंपे। माननीय मुख्य अतिथि एवं प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा 28 वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता जो रींवा क्षेत्र में वर्ष 2017–18 में आयोजित होना है। संबंधित रींवा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री डी. पी. मिश्रा एवं पदाधिकारियों को प्रान्तीय क्लब का ध्वज एवं अन्य क्षेत्रों के ध्वज सौंपे गये। आभार प्रदर्शन श्री एस. के. रैदास उप आयोजक द्वारा किया गया ।

अन्त में माननीय मुख्य अतिथि द्वारा 27 वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। समस्त क्षेत्रीय टीमें अपने–अपने गंतव्य की ओर आगामी प्रतियोगिता में पुनः मिलने की आशा के साथ प्रतियोगिता की यादों को स्मरण करते हुए रवाना हो गईं।

जयभारत–जय खेल

**मुईनउद्दीन कुरेशी**
**प्रान्तीय महासचिव**

पृष्ठांकन 202 / प्रा.अ.. / का.वि. / 2016 दिनांकः 15 / 03 / 2017

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव माननीय मुख्यमंत्री महोदय म.प्र. शासन, मंत्रालय, भोपाल।
2. सचिव माननीय खेल एवं युवक कल्याण मंत्री महोदया म.प्र. शासन, भोपाल।
3. माननीय प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग मंत्रालय, भोपाल।
4. माननीय प्रमुख सचिव, नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण मंत्रालय, भोपाल।
5. माननीय सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण जेल रोड, नर्मदा भवन, भोपाल।
6. माननीय संचालक खेल एवं युवा कल्याण टी.टी. नगर, स्टेडियम, भोपाल।
7. माननीय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग एवं मुख्य ट्रस्टी, स्पोर्टस क्लब, तुलसी नगर, भोपाल।
8. माननीय आयुक्त भूअर्जन एवं पुर्नवास बाण सागर चिरहुला कालोनी, रीवा।
9. समस्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग एवं ट्रस्टी स्पोर्टस क्लब (म.प्र)।
10. समस्त मुख्य अभियंता, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं ट्रस्टी स्पोर्टस क्लब (म.प्र.)।
11. समस्त अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन / न.घा.वि.प्राधिकरण (म.प्र.)।
12. समस्त कार्यपालन यंत्री जल संसाधन न.घा.वि.प्राधिकरण (म.प्र.)।
13. रजिस्टार फर्म्स सोसायटी खंड–2, विन्ध्याचल भवन, भोपाल।
14. संबंधित ..........................................................................................
15. क्लब फाईल।

15/3/17

मुईनुद्दीन कुरेशी
प्रान्तीय महासचिव

**27वी सिल्वर जुबली अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता (जबलपुर)**
**दिनांक 18.12.2016 से 23.12.2016**
**अंक तालिका**

**विजेता अंक 2**
**उपविजेता – 1 अंक**

| क्षेत्र | खेलों के नाम | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रिकेट | फुटबाल | कबड्डी | व्हालीवाल | शूटिंगवाल | शतरंज | कैरम | टेबिल टेनिस | लान टेनिस | बेडमिन्टन | कुल अंक |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | |
| भोपाल | 2 | – | – | – | 1 | – | 2 | 1 | 1 | 2 | 09 |
| इन्दौर | 1 | – | 2 | – | 2 | – | – | – | 2 | 1 | 08 |
| रीवा | – | 2 | – | 2 | – | 1 | – | 2 | – | – | 07 |
| जबलपुर | – | 1 | – | 1 | – | 2 | – | – | – | – | 04 |
| होशंगाबाद | – | – | 1 | – | – | – | 1 | – | – | – | 02 |
| ग्वालियर | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 00 |

क्रम– भोपाल प्रथम, इन्दौर द्वितीय, तृतीय रींवा, चतुर्थ जबलपुर, पांचवा होशंगाबाद,

15/03/17

मुईनउद्दीन कुरेशी
प्रान्तीय महासचिव



18 दिसम्बर 2016 को कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर जबलपुर में आयोजित 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती मॉ के चित्र पर माला अपर्ण




18 दिसम्बर 2016 को कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर जबलपुर में आयोजित 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा किये गये मार्च पास्ट



18 दिसम्बर 2016 को कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर जबलपुर में आयोजित 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



18 दिसम्बर 2016 को कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर जबलपुर में आयोजित 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित प्रान्तीय पदाधिकारीं गण एवं क्षेत्रीय खिलाड़ी




23 दिसम्बर 2016 को कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर जबलपुर में आयोजित 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रतियोगिता के चैम्पियन ऑफ चैम्पियन विजेता भोपाल क्षेत्र की टीमें




18 दिसम्बर 2016 को कृषि विश्वविद्यालय खेल परिसर जबलपुर में आयोजित 27 वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथि गण प्रतियोगिता के विधिवत समापन की घोषणा पश्चात्